तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, मंगलवार, 26 अगस्त 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

14 हरतालिका तीज आज : 24 घंटे के निर्जला ...



14 सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर हुई ब्लाक...



**सियासत : डिप्टी सीएम ने कहा- केंद्र और राज्य दोनों सरकारें बस्तर के आदिवासियों की कर रहीं चिंता**

# नालंदा परिसर में भविष्य गढ़ने का मिलेगा मौका, युवक कांकेर का नाम करेंगे रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर/दुर्गूकोंदल/कोरर

- डिप्टी सीएम ने हाटकोंदल इलाके में 7.34 करोड़ के निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन एवं लोकार्पण
- डिप्टी सीएम ने हाटकोंदल की सभा में सरपंच की माँग पर छोकरा पुल बनाने की घोषणा की

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और कांकेर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत कर जिलेवासियों को सौगातें दीं। इस दौरान उन्होंने जिला मुख्यालय में पौने 5 करोड़ की नालंदा परिसर का भूमिपूजन किया वहीं भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम कोरर में मावा मोदोल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होंने हाटकोंदल में क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित 03 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं 01 निर्माण कार्य का भूमिपूजन कर ग्रामीणों को सौगातें दीं। कांकेर के नगर घड़ी चौक के समीप 04 करोड़ 71 लाख रूपए की लागत से नालंदा परिसर (सेंट्रल लायब्रेरी सह रीडिंग जोन) का प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्यि, सासंद भोजराज नाग, विधायक आशाराम नेताम, नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक के आतिथ्यि में भूमिपूजन हुआ। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में लगातार विकास कार्यों की स्वीकृति दी जा रही है और सुविधाओं में सतत विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश के नगरीय निकायों को स्वच्छता में रैंकिंग में 07 अवॉर्ड प्राप्त हो चुके हैं जो आमजनता की जागरूकता और नगरीय प्रशासन की कटिबद्धता को प्रदर्शित करता है। प्रभारी मंत्री ने यह भी बताया कि पिछले ▶▶| शेष पेज 12 पर







## प्रभारी मंत्री ने 7.32 करोड़ के 4 निर्माण कार्यों की दी सौगात



**दुर्गूकोंदल।** हाटकोंदल के हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के विद्यार्थियों को सर्वसुविधायुक नवीन स्कूल भवन की सुविधा मिली है, जिससे वे बेहतर माहौल में शिक्षा ग्रहण कर देश-दुनिया में अपना भविष्य संवार सकें। उन्होंने कहा कि किसी समय में माओवाद का गढ़ कहलाने वाला बस्तर अब सतत विकास की दिशा में बढ़ रहा है। यहां के आदिवासियों की चिंता राज्य के विष्णुदेव साय की सरकार ही नहीं, अपितु केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार भी कर रही है और बस्तर में शांति स्थापित करने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने स्थानीय सरपंच की मांग पर ग्राम हाटकोंदल से भीरावाही मार्ग पर छोकरा नाला में पुल निर्माण की घोषणा किया, साथ ही ग्राम हाटकोंदल में रंगमंच निर्माण के लिए पांच लाख रुपए की भी घोषणा किया। उन्होने 07 करोड़ 32 लाख 93 हजार रुपए के 04 निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया, इनमें 04 करोड़ 60 लाख 54 हजार रुपए के तीन निर्माण कार्यों का लोकार्पण और 02 करोड़ 72 लाख 93 हजार रुपए के एक निर्माण कार्य का भूमिपूजन सम्मिलित है। इस अवसर पर कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने भी ग्रामीणों को संबोधित किया तथा ग्रामीणों को बधाई दी व बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।



## उप मुख्यमंत्री साव ने कोरर में मावा मोदोल लाइब्रेरी का किया शुभारंभ

**कोरर।** उप मुख्यमंत्री और कांकेर जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने 25 अगस्त को भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के ग्राम कोरर में 75 सीटर मावा मोदोल लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। लाइब्रेरी के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने बच्चों से संवाद कर बेहतर भविष्य के लिए मन लगाकर पढ़ाई करने तथा विभिन्न क्षेत्रों में अच्छा मुकाम हासिल कर जिले व राज्य का नाम रौशन करने के लिए प्रेरित करते हुए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने लाईब्रेरी के विजिट्र्स रजिस्टर में हस्ताक्षर भी किया। इस अवसर पर सांसद भोजराज नाग, विधायक आशाराम नेताम, विधायक सावित्री मंडावी, जिला मंत्री अनूप सिंह राठौर, मंडल अध्यक्ष पीयूष कश्यप, जय शिवना, नरेंद्र शर्मा, राजेश पाण्डेय, कुबेर कोसमा, रोहित साहू, रमेश उपेंडी, भाऊराम कोसमा, पुनेश्वर नेताम, योगेश कोमरा के अलावा अधिकारियों में कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर, जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम भानुप्रतापपुर जीडी वाहिले सहित जनप्रतिनिधिगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षा के क्षेत्र में आएगा सकारात्मक परिवर्तन

नगरपालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक ने भी नगरपालिका में अब तक हुए कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने नालंदा परिसर निर्माण के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए इसकी स्थापना को शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा और सकारात्मक परिवर्तन बताया। इस अवसर पर नगरपालिका कांकेर के उपाध्यक्ष उत्तम यादव, पूर्व विधायक द्वय सुमित्रा मारकोले एवं शिशुपाल शोरी सहित जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, एसडीएम अरूण वर्मा सहित विभिन्न वार्डों के पार्षद एवं वरिष्ठ नागरिकगण मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

## सरपंच व सचिव की पहल पर स्कूल पहुंची पहली की छात्रा



**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत साधुमिचगांव के सरपंच मुकेश गावड़े और सचिव रामलाल गावड़े ने भुसकी गांव में शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय पहल किया है। उन्होंने अब तक स्कूल नहीं जा रही गांव की एक बच्ची सुरजो दुग्गा को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया। सुरजो कक्षा पहली की छात्रा है। सरपंच और सचिव ने छात्रा के पालकों से मिलकर उन्हें शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि पढ़ाई से जीवन में उजाला आता है एवं आज का समय शिक्षा का युग है। जागरूकता से प्रभावित होकर सुरजो स्कूल जाने को तैयार हुई, जिसके बाद सरपंच और सचिव ने सुरजो को स्कूल बैग भेंट किया। सरपंच ने कहा कि जो पढ़ेगा, वही बढ़ेगा। शिक्षा जीवन के अंधकार को दूर कर, उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाती है।

# जुआ पर लगाम कसने भानुप्रतापपुर पुलिस हुई सक्रिय, एक ही दिन में 15 जुआरियों को दबोचा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

- दो जुआ फड़ पर पुलिस ने दी दबिश और पकड़े आरोपियों को

पुलिस अनुभाग भानुप्रतापपुर में जगह-जगह जुआँ और सटोरिए सक्रिय हो गए है, जिसके चलते भानुप्रतापपुर अनुभाग के चलते कांकेर जिले में पुलिस का नाम खराब हो रहा है। भानुप्रतापपुर थाना पुलिस सक्रिय होकर एक दिन में दो जगहों से 15 जुआरियों को दबोचा। भानुप्रतापपुर अनुभाग के अन्य थाना एवं चौकी क्षेत्र में भी जुआरियों की फड़ खुले आम लग रही है।

भानुप्रतापपुर थाना पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि ग्राम पेंवारी छेना उर्फ भुनेश्वर नरेटी के घर परछी में लोग ताश के 52 पत्तों से रूपएं का दांव लगाकर हारजीत का जुआ खेल रहे है। जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत दो गवाह की उपस्थिति में बताए गए स्थल पर छापामारी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### चबेला में 9 जुआरी पकड़ाए

भानुप्रतापपुर थाना की पुलिस को जानकारी मिली कि जुआ जैसे सामाजिक अपराध को करने के लिए ग्राम चबेला प्रेमलाल के घर आंगन परछी में कुछ लोगो के द्वारा ताश के 52 पत्तों से रूपये पैसे का दांव लगाकर हारजीत का जुआ खेल रहे है। पुलिस ने जानकारी की तस्दीक करने के उपरांत दो गावहों की उपस्थिति में बताए गए स्थल पर छापामार कार्यवाही किया, जहाँ पर जुआं खेलते हुए 09 जुआरियों चबेला निवासी धर्मेन्द्र तिवारी पिता स्व. चंद्रिका प्रसाद तिवारी उम्र 37 वर्ष, अश्वनी यादव पिता हरि राम उम्र 35 वर्ष, - हरिश चंद यदु पिता अंजोरी उम्र 35 वर्ष, कोमल दुग्गा पिता हृदय राम दुग्गा उम्र 37 वर्ष, प्रेमलाल रावटे पिता भागिरथी उम्र 26 वर्ष, धनंजय कुमार यादव पिता राधेश्याम उम्र 32 वर्ष, भारत यादव पिता मनराखन उम्र 52 वर्ष, संजय यादव पिता राधेश्यम उम्र 42 वर्ष और ओंमप्रकाश पिता झन्नूराम उम्र 30 वर्ष को जुआं खेलते दबोचा। जुआरियों के कब्जे से कुल नगदी रकम 3700 रूपएं, ताश के 52 पत्ती एवं पुरानी इस्तेमाली चटाई को जुआडियों द्वारा जुआ खेलना कबूल करने पर गवाहों के समक्ष धारा 3(2) छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत जप्ती कर आरोपियों को गिरफ्तारी का कारण बताकर गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने व आरोपियों द्वारा सक्षम जमानतदार पेश करने पर मौके पर जमानत मुचलका में रिहा किया गया।



## शराब की अवैध बिक्री दो कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** थाना कांकेर पुलिस ने दो अलग-अलग जगह छापामार कार्यवाही करते हुए दो युवक के कब्जे से देशी व अंग्रेजी शराब को जप्त किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 25 अगस्त को दोपहर 1 बजें सेन चौंक कांकेर के पुलिस ने दबिस दिया और घेराबंदी कर आरोपी अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 27 वर्षीय दिलीप कुमार रवानी पिता राजकुमार रवानी को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक का थैला में देशी प्लेन 15 नग कुल कीमती 1 हजार 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। दूसरी कार्यवाही में 25 अगस्त को दोपहर ढाई बजें बरदेभाटा नीम चौंक के पास कोमलपुर निवासी 27 वर्षीय वीरेन्द्र नेताम पिता स्व. नोहरू नेताम के कब्जे से पीला आसमानी रंग का नायलन थैला में रखे 5 पौवा बैगपाईपर अंग्रेजी शराब, जिसकी कीमत 1 हजार 600 रूपएं व नगद 300 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# शहर में श्रीगणेश प्रतिमा के आगमन पर गणपति बप्पा मोरया की जयघोष गूंजी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर में गणेश स्थापना की तैयारी पूरे जोर शोर पर चल रही है।

- पंडालों की साज-सज्जा, पुलिस प्रशासन ने की विशेष तैयारी

गणेशोत्सव की तैयारियों के बीच सोमवार को शहर में प्रथम गणेश प्रतिमा का भव्य आगमन आयोजन शहर के विभिन्न समितियों ने किया। प्रतिमा के प्रवेश के साथ ही पूरा शहर गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठा। श्रीश्री रिद्धी सिद्धी परिवार शीतलापारा कांकेर समिति ने धुमाल की धुन पर श्री गणेश का आगमन के लिए 25 अगस्त को शाम 7 बजें शोभा यात्रा निकाला व जगह-जगह पुष्पवृष्टि कर प्रतिमा का स्वागत किया। इस अवसर पर पूरे शहर में उत्सव का माहौल देखने को मिला। श्रीश्री रिद्धी सिद्धी परिवार शीतलापारा कांकेर समिति के सदस्यों मोहित शार्दुल, चिनमय लोन्हारे, निखिल वलेचा, शुभम गुप्ता व अन्य ने बताया कि गणेशोत्सव शहर के प्रमुख त्योहारों में से एक है, जिसे बड़े उत्साह और श्रद्धा से मनाया जाता है। प्रतिमा के आगमन के साथ ही पंडाल सजाने का कार्य भी तेज हो गया है। पंडाल को आकर्षक रोशनी, रंग-बिरंगी झालरों और धार्मिक झांकियों से सजाया जा रहा है। प्रतिमा आगमन के समय बड़ी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चे सड़क पर उमड़ पड़े। युवाओं ने बैंड-बाजों की धुन पर नृत्य कर वातावरण को जीवंत बना दिया। श्रद्धालुओं ने नारियल, फूल और मिठाई अर्पित कर भगवान गणेश की आरती उतारी। वहीं कई समितियों ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कदम उठाते हुए मिट्टी और शुद्ध प्राकृतिक रंगों से बनी प्रतिमाओं का चयन किया है, ताकि विसर्जन के समय जलस्त्रोत प्रदूषित न हों। गणेशोत्सव के दिनों में शहर के अलग-अलग हिस्सों में धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बच्चों के लिए खेलकूद ▶▶| शेष पेज 12 पर

### सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम

पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष तैयारी की जा रही है। शहर के प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक पुलिस की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी और विसर्जन के समय अन्य आपात सेवाओं को भी अलर्ट पर रखा जाएगा।

**सरपंच एवं सचिव ने कहा- विभाग को दी गई जानकारी, नहीं ली सुध**

# नहर-नाली टूटने से किसानों के खेतों में भरा पानी, शीतला माता मंदिर मार्ग हुआ बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

**मजदूरों की कमी के चलते मरम्मत कार्य प्रभावित : अधिकारी**



विकासखण्ड नरहरपुर के ग्राम पंचायत सरोना के ग्रामीण और किसान इन दिनों गंभीर परेशानियों से जूझ रहे हैं। ग्राम में बनी नहर-नाली टूट जाने से खेतों में पानी और मिट्टी भर गई है, जिसके चलते किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार शिकायतों और जानकारी दिए जाने के बाद जिम्मेदार विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। सरोना ग्राम पंचायत के सरपंच दीपिका वट्टी और उपसरपंच दिनेश सहारे ने बताया कि करीब 20 दिन पहले ही विभाग को इस समस्या की जानकारी दिया गया था, इसके बावजूद मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग की लापरवाही के कारण उनकी मेहनत पर पानी फिर रहा है और खेत बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। नहर-नाली टूटने से सिर्फ खेती-किसानी ही नहीं, बल्कि गांव की आस्था भी प्रभावित हुई है। गांव की देवी शीतला माता मंदिर जाने वाला रास्ता इसी जगह से होकर गुजरता है। नाली टूटने के कारण सड़क के बीच बड़ा गड्ढा बन गया है, जिससे लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों को मंदिर जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया गया, तो उन्होंने मरम्मत कार्य में देरी का कारण लेबर न मिलना बताया। अधिकारियों का कहना है कि मजदूरों की उपलब्धता नहीं होने के चलते काम रुक गया है। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि विभाग का यह बहाना उनकी परेशानी और नुकसान को छुपाने के अलावा कुछ नहीं है। लगातार नुकसान और अनदेखी के चलते ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। उनका कहना है कि अगर जल्द ही विभाग नहर-नाली की मरम्मत नहीं करता तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। किसानों का कहना है कि उनकी मेहनत और लागत सब बर्बाद हो रही है और अब उनके सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KANKER
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year ($10^{th}$ Pass)
गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)
89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### छात्रावासों की मरम्मत को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कांकेर।** जिला में शासन के विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए निर्मित जिला परामर्शदात्री समिति में शामिल किए जाने कार्यालय कलेक्ट्रेट कांकेर एवं भानुप्रताप देव महाविद्यालय कांकेर के अधीनस्थ सामान्य छात्रावास एकता नगर, कन्या छात्रावास अलबेलपारा के छात्रावास अत्यंत जर्जर व भयावह स्थिति में हैं। छात्रावासों का मरम्मत कार्य अविलंब किए जाने का ज्ञापन सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग को सौंपा गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष आरपी नेताम, अशोक गोटे जिला उपाध्यक्ष, विजय कुमार नाग महासचिव, कोमल नेताम ब्लॉक कांकेर सचिव, कोषाध्यक्ष महेश मरकाम, रामदयाल अचला ब्लॉक अध्यक्ष, सुरेश कुरेटी, मनोज मंडावी एवं ब्लॉक के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### श्री श्री सर्वेश्वरी मां काली की पखांजूर में हुई सालाना पूजा

**पखांजुर।** नगर पंचायत पखांजूर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित श्री श्री सर्वेश्वरी मां काली मंदिर में सालाना मां काली पूजा का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने मां काली के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और पूजा-अर्चना। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था और सौहार्द का प्रतीक बन गया है। इस दौरान मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया था। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में पूजा कमेटी के सदस्यों बिस्वजीत कर्माकर, तापस आइच, उत्पल दास, संजीव दास, अरुण शील, प्रकाश साहा, अशोक मंडल, सौरभ शील, कार्तिक शील, सुकलाल बिस्वास और बिप्लव घोष शामिल रहे। सालाना पूजा में सभी भक्तजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन न केवल धार्मिक महत्व रखता है, बल्कि यह समुदाय में एकता और आपसी सहयोग को भी बढ़ावा देता है।



### नगर सेना महिला अभ्यर्थियों की ज्वाइनिंग 1 सितंबर से

**कांकेर।** जिले में महिला आश्रम-छात्रावासों में नगर सेना में चयनित महिला अभ्यर्थियों को जिला सेनानी कार्यालय में 01 से 10 सितम्बर तक ज्वाइनिंग लिया जाएगा। इस संबंध में जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि ज्वाइनिंग के समय अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र की मूल प्रति एवं एक सेट छायाप्रति लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है। साथ ही चिकित्सकीय प्रशिक्षण एवं पुलिस चरित्र सत्यापन के समय अयोग्य पाए जाने पर सेवा से पृथक कर दिया जाएगा। अभ्यर्थी को अपने साथ शपथ पत्र भी लाना अनिवार्य होगा।

### जिले में अब तक 10564 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**कांकेर।** जिले में 01 जून से अब तक कुल 10564.9 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक सर्वाधिक वर्षा दुर्गुकोंदल तहसील में 1292.6 मिलीमीटर तथा सबसे कम कांकेर तहसील में 642.3 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। इसी प्रकार भानुप्रतापपुर तहसील में 1231.4 मिलीमीटर, चारामा में 840.7 मिमी., अंतागढ़ में 1072.8, पखांजूर में 830, नरहरपुर में 688.2, सरोना में 649.4, आमाबेड़ा में 1143., कोयलीबेड़ा में 1188.4 और बांदे में 985.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में भानुप्रतापपुर तहसील में सबसे अधिक 43.5 मिलीमीटर और कांकेर तहसील में सबसे कम 7.5 मिलीमीटर वर्षा आंकी गई है।

# दिव्यांग बच्चों के लिए फरसगांव में लगा आंकलन शिविर, 35 बच्चों का हुआ पंजीयन

## मेडिकल बोर्ड ने किया स्वास्थ्य परीक्षण, दी गई सहायक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

विकासखंड स्तरीय आकलन शिविर कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा जिला कोडागांव के निर्देश पर द्वितीय चरण का आकलन शिविर सोमवार को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक कार्यालय फरसगांव में दिव्यांग बच्चों का आकलन शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बच्चों का प्रमाण पत्र मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच कर बनाया गया। इस शिविर में कुल पंजीयन 35 बच्चे के साथ पालक एवं शिक्षक उपस्थित रहे। जिसमे से 33 लोगों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। 2 लोगो का प्रमाण पत्र बनाया गया। इस शिविर में प्राथमिक माध्यमिक हाई हायर सेकेंडरी स्कूलों में अध्यनरत दिव्यांग बच्चों का मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच किया गया इस शिविर में दिव्यांग बच्चों का जिला मेडिकल बोर्ड के द्वारा सर्जरी स्पीच थेरेपी फिजियोथैरेपी का चिन्हांकन किया गया ।

इस आकलन शिविर में दिव्यांग बच्चों मानसिक मंदता किट सामग्री एवं सहायक उपकरण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में जिला मेडिकल बोर्ड डॉ रुद्र कश्यप एवं डॉ ख्याति साक्षी नेत्र विशेषज्ञ, डॉ गोपाल टंडन नेत्र सहायक संकल्प लोनहरे उपस्थित रहे।



### इनका रहा अहम योगदान

*कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला कलेक्टर नूपुर पन्ना राशि, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, जिला मिशन समन्वयक ईमल बघेल, सहायक परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा एस आर मरावी एवं खंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी उदित सोनी, खंड स्त्रोत समन्वयक अशोक कुमार मरकाम, बीआरपी भास्कर वर्मा, बीआरपी समावेशी शिक्षा शुभांगी देवांगन, सौम्य देवांगन, स्पेशल एजुकेटर अतुल सिंगरौल, अटेंडर लिसा एवं समस्त संकुल समन्वयको की उपस्थिति एवं सहयोग रहा ।*

## बैठक लेकर व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

# विधायक और कलेक्टर ने कन्या महाविद्यालय का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोंडागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी की अध्यक्षता में आज शासकीय कन्या आदर्श आवासीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के गठन के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

विधायक सुश्री लता उसेंडी और कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने बैठक में शैक्षणिक गतिविधियों, स्टाफ की उपलब्धता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। महाविद्यालय की अव्यवस्थाओं पर नाराजगी जताते हुए, दोनों अधिकारियों ने प्राचार्य को व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के सख्त निर्देश दिए। विधायक सुश्री उसेंडी ने महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए निर्देश दिए। वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के लिए विशेष जोर दिया गया। छात्रावास में साफ–सफाई के लिए सफाई कर्मी की व्यवस्था करने और पानी की आपूर्ति की समस्या को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए गए। छात्रावास में स्वास्थ्य परीक्षण के लिए मेडिकल टीम भेजने और एनीमिया जांच के लिए निर्देश दिए गए। छात्राओं के लिए पढ़ाई पूरी होने के बाद रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्लेसमेंट कैंप आयोजित करने का निर्देश दिया गया। बैठक और निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल, जनपद उपाध्यक्ष टोमेंद्र ठाकुर, प्राचार्य और शिक्षकगण उपस्थित रहे।



### कंप्यूटर लैब और ग्रंथालय का निरीक्षण

कंप्यूटर लैब का निरीक्षण कर छात्राओं के कंप्यूटर ज्ञान का मूल्यांकन किया गया। कंप्यूटर शिक्षक को छात्राओं को बेहतर प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए गए। 6 खराब कंप्यूटरों की शीघ्र मरम्मत के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया गया। ग्रंथालय का निरीक्षण कर उपलब्ध पुस्तकों की जानकारी ली गई। छात्राओं को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित किया गया।

### कलेक्टर लाइवलीहुड कॉलेज व वृद्धाश्रम पहुंचे



कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज लाइवलीहुड कॉलेज के नए बने बालक छात्रवास भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचे हुए सभी काम 30 अगस्त तक पूरे कर भवन को जल्द से जल्द सौंप दिया जाए। कलेक्टर ने 100 सीटों वाले इस छात्रवास भवन का निरीक्षण किया, जो लगभग पूरा हो चुका है। इस भवन से दूर–दराज के क्षेत्रें से आने वाले छात्रें को रहने की अच्छी सुविधा मिलेगी। उन्होंने छात्रवास से मुख्य सड़क तक पहुँचने के लिए सड़क निर्माण कार्य को भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद, श्रीमती पन्ना वृद्धाश्रम गईं और वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बुजुगोंर् से बात कर भोजन, रहने और खेल की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित संस्था को बुजुगोंर् की बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्री–मेट्रिक कन्या छात्रवास का भी निरीक्षण किया और दोनों भवनों की मरम्मत और बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए कार्ययोजना बनाने को कहा। उन्होंने साफ–सफाई और अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को ठीक रखने के भी निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# देबेना पंचायत में पटवारी की अनुपस्थिति से ग्रामीण परेशान, जरूरी काम प्रभावित




हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

जनपद पंचायत नरहरपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत देबेना के ग्रामीण इन दिनों पटवारी की अनुपस्थिति से परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पटवारी लंबे समय से गांव नहीं आ रहे हैं, जिसके चलते भूमि से जुड़ी सभी आवश्यक कार्यवाही ठप पड़ी हुई है, जिससे न केवल किसानों बल्कि आम नागरिकों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत देबेना के ग्रामीणों ने बताया कि खसरा-नक्शा की प्रतिलिपि, नामांतरण, सीमांकन, कृषि ऋण एवं अन्य दस्तावेज़ संबंधी कार्य पटवारी की अनुपस्थिति के कारण रुके हुए हैं। किसानों का कहना है कि फसल के मौसम में उन्हें समय पर कर्ज की जरूरत होती है, लेकिन जमीन संबंधी दस्तावेज नहीं मिलने से वे ऋण लेने से वंचित हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित अधिकारियों ने अब तक इस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि इसकी जानकारी तहसीलदार को भी दिया जा चुका है, उनके द्वारा इसके लिए आज तक कोई पहल नहीं किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे छोटे-छोटे काम के लिए हमें कई किमी दूर नरहरपुर तहसील जाना पड़ता है। अगर गांव में नियमित रूप से पटवारी मौजूद रहे तो हमें इतनी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने पटवारी को लेकर स्थानीय प्रशासन के संज्ञान में लाया गया है, परंतु अभी तक सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आया है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने की मांग किया है। उनका कहना है कि अगर स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो गाँव के ग्रामीण मजबूरन सामूहिक रूप से शासकीय कार्यालयों के घेराव करने को बाध्य होना पड़ेगा।

### रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण के लिए काउंसिलिंग 27 को

**दुर्गुकोंदल।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के बेरोजगार युवाओं के भविष्य को बेहतर बनाने एवं उन्हें आत्मनिर्भर और रोजगार से जोड़ने के लिए लाइवलीहुड कॉलेज कांकेर में 30 सीटों में सोलर पैनल इंस्टालेशन तकनीशियन सूर्यमित्र में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। केन्द्र सरकार के द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त बिजली प्रदाय करने की योजना है, जिससे सोलर पैनल तकनीशियन कोर्स में रोजगार एवं स्व-रोजगार की संभावना बढ़ गई है। लाइवलीहुड कॉलेज के परियोजना अधिकारी ने बताया कि रोजगार एवं स्व-रोजगार की संभावोनाओं को देखते हुए जिले के अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़ने के लिए यह प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। प्रशिक्षण के लिये 27 अगस्त को लाईवलीहुड कॉलेज गोविन्दपुर कांकेर में प्रातः 10 बजे से शाम 04 बजे तक कांउसलिंग का आयोजन किया गया है। जिले के ऐसे युवा जिनकी उम्र 18 वर्ष या उससे अधिक है जो इस प्रशिक्षण से जुड़कर अपना भविष्य संवारना चाहते हैं। वे शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्रॉफ, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ निर्धारित समय में कांउसलिंग में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

### बेटी की उम्र की युवती पर आया दिल, शक में कर दी हत्या

**मगरलोड।** पति के जेल जाने के बाद महिला का प्रेम संबंध अपने पिता की उम्र के व्यक्ति से बन गया। वह व्यक्ति महिला पर किसी और दूसरे व्यक्ति से संबंध होने का शक करता था। इसी शक के चलते शनिवार की रात उसने महिला को चाकू से गोदकर मार डाला। घटना करेली बड़ी पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम हसदा की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यहां पुष्पा मारकंडे उम्र 30 साल अपने तीन साल के बच्चे के साथ रहती थी। पुष्पा का पति एक साल से जेल में है। शनिवार की रात गांव का ही रहने वाला जगन्नाथ जांगड़े उम्र 67 साल पिता करिया जांगड़े उसके घर पहुंचा और अपने पास रखे चाकू से उसकी हत्या कर दी। हत्या की जानकारी जब पुष्पा के भाई ललेश बंजारे को हुई तो उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। आरोपी ने पुष्पा के तीन साल के बच्चे पर भी हमला किया है। घायल बच्चे का इलाज चल रहा है। इस घटना में सबसे ज्यादा सजा बच्चे को मिली है। उसका पिता तो पहले से जेल में बंद है।

# प्रतिभागी और विजेता किए गए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर माकड़ी के मंडी प्रांगण में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल जलाकर और भारतमाता की जय जयकार के साथ मशाल रैली निकालकर की गई।

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। विधायक ने प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों की कलाकृतियों की सराहना की। रंगोली प्रतियोगिता, डांस प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें प्रतिभागियों और विजेताओं को सम्मानित किया गया। जनपद माकड़ी की अध्यक्ष जुगबती पोयम, माकड़ी सरपंच रुक्मणी पोयाम, दीपेश अरोरा, आकाश मेहता, संजू ग्वाल सहित सभी जनपद व जिला सदस्य, सरपंच, अधिकारी–कर्मचारी, समूह की महिलाएं, और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# गला दबाकर जान से मारने का किया प्रयास और मारपीट की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



भावगीर नवांगांव में आरोपी शिकायतकर्ता के घर पहुँच पुरानी रंजिश को लेकर गाली देते हुए घर से बाहर निकलने चिल्ला रहा था। शिकायतकर्ता के निकलते ही आरोपी ने गला दबाते हुए जान से मारने का प्रयास करते हुए मारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया गया।

कांकेर थाना में शिकायत करने पहुँचे भावगीर नवांगांव निवासी 25 वर्षीय किशोर कुमार पटेल पिता शिवलाल पटेल ने पुलिस को बताया कि 24 अगस्त की सुबह साढ़े 11 बजे में अपने घर था, उसी समय संतोष पटेल पिता बुधारू राम पटेल मेरे घर के बाहर आकर मुझे पुरानी बातो को लेकर जोर जोर से चिल्ला चिल्ला कर गाली गलौज करते हुए कह रहे थे कि घर से बाहर निकल आज तुझे जान से मार दूंगा कहकर धमकी दे रहा था। मैं घर से बाहर निकला और बोला कि तुम मेरे घर के पास आकर मुझे क्यों गाली गलौज कर रहे हो, इस पर आरोपी ने कहा कि तू बहुत ज्यादा होशियार बनता है, कहते हुए हाथ थप्पड़ से मारपीट कर मेरे गला को दबा दिया था, मैने गले को जैसे तैसे छुड़ाया। मारपीट से मेरे गाल, गला एवं शरीर में दर्द हो रहा है।

मारपीट की घटना को जंगलू दुग्गा एवं कृष्णा पटेल देखे सुने और बीच बचाव भी किए है। बीच बचाव नहीं करने पर मेरे साथ कोई भी अनहोनी हो सकती थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

## पीएम श्री सेजेस और शासकीय आदर्श हायर सेकेंडरी ने मारी बाजी

# सड़क सुरक्षा पर वाद-विवाद, छात्रों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

- विजेताओं को मिला ईनाम, अधिकारियों ने नियमों के पालन पर दिया जोर

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन फरसगांव के हाई स्कूल के किया गया। जिसमें पीएम श्री सेजेस फरसगांव की छात्राएं यशस्वी एवं साथियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं विपक्ष में शासकीय आदर्श हायर सेकेंडरी विद्यालय के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया प्रतियोगिता में विकासखंड की छ शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय आने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीराम तारम ने कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताया, एबीओ उदित सोनी ने वाहन दुर्घटना से बचने के लिए अपने कर्तव्य एवं नियमों का पालन करने बच्चों को प्रेरित किया। बीआरसी अशोक मरकाम ने बच्चों को लोगों को जागरूक करने कहा। इस दौरान संस्था के प्राचार्य महावीर जायसवाल के द्वारा दुर्घटना को कम करने के लिए बच्चों को और अधिक मंथन करने एवं उसे जिला में प्रस्तुत करने प्रोत्साहित किया। वाद विवाद के इस प्रतियोगिता के निर्णायक समिति में शिवकुमार साहू सुशीला नेता रितु मिश्रा पुलिस विभाग से आरक्षक बीना मांडवी ने पक्ष और विपक्ष में पांच पक्ष का समूह बनाकर उन्हें अपना विचार रखने का अवसर प्रदान किया।



## पेज 11 के शेष

### नालंदा परिसर में ...

एक साल में प्रदेश भर के नगरीय निकायों को 07 हजार करोड़ रूपए से अधिक की राशि आबंटित की गई है, जिसमें कांकेर नगरपालिका परिषद को भी 21 करोड़ रूपए विभिन्न विकास कार्यों को पूर्ण करने के लिए जारी किए गए हैं। उन्होंने नागरिकों को आश्वस्त किया कि 'सिटी डेवलपमेंट प्लान' के तहत आगे भी विकास कार्यों के लिए जिले के नगरीय निकायों को शासन द्वारा राशि का प्रावधान किया जाएगा। सांसद और विधायक आशाराम नेताम ने भी संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित मावा मोदोल कोचिंग सेंटर की उपलब्धियों तथा यहां के बच्चों का होमगॉर्ड में चयनित होने के बारे में बताया। इसके साथ ही नगरीय प्रशासन मंत्री द्वारा कांकेर नगर के विकास के लिए बजट में प्रावधान करने पर आभार प्रकट किया।

### जुआ पर ...

कार्यवाही किया गया, उस स्थल पर जुआ खेलते हुए अभय मलिक पिता प्रदीप मलिक उम्र 21 वर्ष निवासी श्रीपुर थाना श्रीपुर जिला गोपालगंज बिहार हाल आसुलखार थाना भानुप्रतापपुर, टेश्वर पुजारी पिता मोहन लाल पुजारी उम्र 26 वर्ष निवासी कुआंपानी थाना भानुप्रतापपुर, दिलेश्वर पुजारी पिता दुर्वाश पुजारी उम्र 32 वर्ष निवासी कुआंपानी थाना भानुप्रतापपुर, निर्भय यादव पिता मेंहदू राम यादव उम्र 27 वर्ष निवासी कुआंपानी थाना भानुप्रतापपुर, देवराज उयके पिता सिरदार उयके उम्र 31 वर्ष निवासी आसुलखार थाना भानुप्रतापपुर और दानेसाय मंडावी पिता मंगूराम मंडावी उम्र 50 वर्ष निवासी चिचमर्रा थाना भानुप्रतापपुर को दबोचा। जुआं खेल रहे आरोपियों के पास से और जुआं स्थल से कुल नगदी रकम 12,600 रूपएं, एक प्लास्टिक बोरी , दो नग जले हुए मोमबती, ताश के 52 पत्ते मिले । जुआरियो द्वारा जुआ खेलना कबूल करने पर गवाहों के समक्ष धारा-3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 के तहत जप्ती कर आरोपियों को गिरफ्तारी का कारण बताकर समय सदर मे गिरफ्तार किया गया मामला जमानतीय होने व आरोपीयों द्वारा सक्षम जमानतदार पेश करने पर मौके पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

### शहर में श्रीगणेश...

प्रतियोगिता, महिलाओं के लिए भजन-कीर्तन तथा युवाओं के लिए रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रूपरेखा तैयार की गई है। गणेशोत्सव को देखते हुए बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। पूजा सामग्री, सजावटी सामान, झालर और इलेक्ट्रिक लाइट्स की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ देखी जा रही है। बच्चों में गणेशोत्सव को लेकर विशेष उत्साह है। बुजुर्ग इसे परंपरा और संस्कारों का पर्व मानते हुए नई पीढ़ी को इसमें शामिल होने की प्रेरणा दे रहे हैं।

गणेश प्रतिमा के प्रथम आगमन के साथ ही अब पूरे शहर में हर्ष और उल्लास का वातावरण छा गया है। आने वाले दिनों में गणेशोत्सव की धूम और अधिक बढ़ेगी और शहर का हर कोना भगवान गणेश की भक्ति में सराबोर नजर आएगा।

## खबर संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर में कार्यशाला के लिए 5 टीचरों का चयन




**सुकमा/कोंटा।** गणित, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में क्षमता विकास के लिए आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में सुकमा ज़िले के 5 शिक्षकों का चयन हुआ है। यह पांच दिवसीय कार्यशाला आईआईटी जम्मू-कश्मीर में 2 सितंबर से आयोजित की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ के पीएमश्री विद्यालयों से शिक्षक एवं व्याख्याता शामिल होंगे। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा रायपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागी शिक्षक विशेषज्ञ वैज्ञानिकों से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देंगे। सुकमा जिले से चयनित शिक्षक हैं मीना साहू कोंटा, रजेमन कुजूर छिंदगढ़, गीता सोड़ी मुरतोंडा, लोकनाथ साहू सुकमा और उमेंद कुमार आदिले एराबोर। जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने बताया कि कार्यशाला से शिक्षकों के तकनीकी कौशल में वृद्धि होगी, जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों को मिलेगा।

### सृजनात्मक व बौद्धिक विकास बढ़ाने विभिन्न कार्यक्रम हुए



**बीजापुर।** कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, कांता मसराम द्वारा अवगत कराया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर रजत जयंती के अवसर पर बाल मेला के आयोजन पर विभिन्न प्रकार के खेल गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को अक्षर ज्ञान के साथ, बच्चों का मनोरंजन गतिविधि किया जा रहा है, जिससे की बच्चों में आंगनबाड़ी के लिए रूचि बढ़े और बच्चों का सृजनात्मक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी हो इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्र स्तर पर कार्यकर्ता के माध्यम से बच्चों को मिट्टी के खिलौना, गुड़िया, पत्थर से गिनती करना, हरी पत्ती को सजाना, तोरण बनाना, हाथ में कलर करना, फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक भी बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे है। इस दौरान समस्त सेक्टर पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा जानकारी दिया जा रहा है।

### जिला चिकित्सालय में मनाया गया 40वां नेत्रदान पखवाड़ा



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय में 40वां नेत्रदान पखवाड़ा बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जनसमुदाय को नेत्रदान के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए नोडल अंधत्व निवारण कार्यक्रम के डॉ. रमाकांत ने बताया कि नेत्रदान से अंधत्व निवारण में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है और एक व्यक्ति की आंखों से दो व्यक्तियों को दृष्टि मिल सकती है। कार्यक्रम के दौरान डॉक्टरों, स्वास्थ्यकर्मियों तथा नर्सिंग विद्यार्थियों ने नेत्रदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने हेतु शपथ दिलाई। रैली और गोष्ठियों के माध्यम से लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया गया। नेत्र सहायक अधिकारियों ने बताया कि मृत्यु के बाद नेत्रदान करना सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से अपील की कि वे नेत्रदान की प्रतिज्ञा लें और समाज को प्रकाशमय बनाने में योगदान दें।

# घाटकवाली में सामूहिक पहल से अतिक्रमित भूमि पर 1500 काजू पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक एकजुटता की मिसाल पेश करते हुए बस्तर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घाटकवाली में ग्रामसभा के नेतृत्व में एक अनूठी पहल की गई। गांव के लोगों ने मिलकर लगभग 5 हेक्टेयर अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराया और वहां 1500 काजू पौधों का रोपण कर दिया। इस सामूहिक अभियान ने न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम रखा है बल्कि ग्रामीणों को एकजुट होकर अपने गांव की बंजर पड़ी जमीन को पुनः जीवन देने की प्रेरणा भी दी है।

ग्राम पंचायत घाटकवाली में लगभग 350 मकान हैं। ग्राम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक घर से एक सदस्य पौधारोपण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएगा। तय किया गया कि हर व्यक्ति कम से कम 5 गड्ढे खोदेगा और 10 पौधे लगाएगा। इस कार्य की पारदर्शिता बनाए रखने और ग्रामीणों की भागीदारी को दर्ज करने के लिए एक विशेष रजिस्टर भी तैयार किया गया है। इसमें गड्ढा खोदने वाले व्यक्ति का नाम और उसके हस्ताक्षर दर्ज किए जा रहे हैं। यह व्यवस्था ग्रामीणों के उत्तरदायित्व को सुनिश्चित करने का एक प्रभावी माध्यम साबित हो रही है। समुदायिक वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लखेश्वर कश्यप ने बताया कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों को देखते हुए यह कदम बेहद आवश्यक था। उन्होंने कहा कि गांव की खाली पड़ी और अतिक्रमण की शिकार जमीन को बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि समय रहते ऐसी पहलें नहीं की जाएं तो आने वाली पीढ़ियों को उपजाऊ जमीन और हरियाली से वंचित होना पड़ेगा। ग्राम पंचायत की सरपंच तामेश्वरी कश्यप और ग्राम सभा अध्यक्ष महंती कश्यप ने भी इस अभियान को लेकर ग्रामीणों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि गांव में कई भूमि पर अब भी अवैध कब्जा है, जिन्हें वन विभाग और राजस्व विभाग की मदद से चिन्हांकित किया जा रहा है। भविष्य में उन भूमि पर भी पौधारोपण कर हरियाली फैलाने की योजना है। सरपंच ने यह भी कहा कि इस तरह की पहलें ग्रामीणों में आपसी सहयोग, जिम्मेदारी और सामूहिक श्रमदान की परंपरा को भी मजबूत करती हैं। ग्रामीणों का मानना है कि काजू पौधों के रोपण से आने वाले वर्षों में न केवल हरियाली बढ़ेगी बल्कि यह आर्थिक दृष्टि से भी गांव को लाभान्वित करेगा। काजू का व्यावसायिक महत्व है और पौधे तैयार होकर फल देने लगेंगे तो गांव की आमदनी में भी वृद्धि होगी। इस तरह यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में भी सार्थक कदम साबित होगा। ग्राम पंचायत घाटकवाली की यह पहल पूरे क्षेत्र में प्रेरणादायी उदाहरण बन गई है।

### जिले के शिक्षकों को करना पड़ रहा डेढ़ सौ किमी का सफर

# पीपीए की राशि आहरण करने में शिक्षा विभाग को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

स्कूल शिक्षा विभाग के पीएफएमएस खाताएं बैंक ऑफ बड़ौदा में होने तथा इसकी शाखा जिले में नहीं होने के कारण शिक्षकों को अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

- जिले से बाहर दरभा में खाता होने से आ रही दिक्कत

कोंटा विकासखण्ड के सभी स्कूलों, संकुलों बीआरसी व बीईओ तथा जिला कार्यालयों को राशि आहरण में कठिनाईयां हो रही है। वर्तमान में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा दरभा जिला बस्तर में संचालित है। जिसके लिए सुदूर कोण्टा एवं सुकमा विकासखण्ड के अधिकांश विद्यालयों के शिक्षकों को एक लम्बी दूरी डेढ़ सौ किलोमीटर तय करनी पड़ रही है। ज्ञात हो कि राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छग रायपुर के निर्देशानुसार सुकमा जिले के शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित समस्त 1023 बैंक खातों स्कूलों संकुलों विकासखण्ड कार्यालयों एवं जिला कार्यालय के जीरो बैलेंस खाता बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा दरभा जिला बस्तर में खोला जा चुका है।

जिसमें उपलब्ध होने वाली राशि का आहरण करने के लिए शिक्षकों लम्बी दूरी तय कर जाना पड़ रहा है। वनांचल क्षेत्रों में सेवा दे रहे शिक्षकों सहित सभी स्कूलों को इसे प्राप्त करने पहले अपना खुद का पैसा खर्च करना पड़ रहा है। जो कि शिक्षा विभाग के लिए एक जटिल समस्या के रूप में देखा जा रहा है।

### पार्षद ने लिखा प्रभारी मंत्री को पत्र



स्कूल शिक्षा विभाग को मिलने वाली पीपीए राशि आहरण की गंभीर विषय को लेकर सुकमा नगर पालिका की पार्षद कांता राठी ने जिले के प्रभारी मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिख कर आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन किया है। उन्होंने शिक्षा विभाग में पिछले कई वर्षो से 1000 से अधिक खातों का संचालन दूसरे जिले में होने को लेकर इस अव्यवस्था को दूर करने का निवेदन किया है। बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा दरभा में आहरण तथा संवितरण का कार्य करने में लगभग एक दिन का पूरा समय व्यतीत हो जाता है। पार्षद ने पत्र के माध्यम से बताया कि प्रबंध संचालक बैंक ऑफ बड़ौदा कॉर्पोरेट सेंटर द्वारा पूर्व में राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छग रायपुर को सहमति दी गयी थी कि पीएफएमएस आबंटन के समय जिला मुख्यालय पर नवीन बैंक शाखा शीघ्र खोला जायेगा साथ ही शाखा नहीं खोलने की स्थिति में अन्य बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराई जावेगी। किन्तु आज पर्यन्त न ही नवीन बैंक शाखा खोली गयी है और न ही अन्य बैंकिंग सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। मार्च क्लोजिंग के दौरान बैंक में आहरण व संवितरण का कार्य अधिक होने के कारण कुछ स्कूलों तथा छात्रावासों द्वारा निर्धारित समय पर जमा किये जाने के पश्चात भी पीपीए लेप्स हो चुके थे एवं स्कूलों का आहरण समय-सीमा समाप्त होने के कारण राशि संबंधित स्कूलों में वापस नहीं मिलने के कारण वित्तीय असुविधाओं का सामना करना पड़ा था। जिला मुख्यालय में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा नही होने के कारण शिक्षकों को आवागमन में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है एवं शिक्षा की गुणवत्ता निर्माण वेतन तथा अन्य मदों के राशि आहरण व संवितरण का कार्य भी बहुत ज्यादा प्रभावित हो रहा है।

## धाकड़ समाज का नवा खानी सम्मेलन सितम्बर में



**बस्तर।** जगदलपुर के माता मावली मंदिर प्रांगण में धाकड़ समाज कल्याण समिति बस्तर की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने की, जिसमें उपाध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी, क्षेत्र अध्यक्ष और सचिव उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी नवा खानी सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी नरावण्ड क्षेत्र को सौंपी गई है। यह सम्मेलन आगामी 14 सितंबर को बकावण्ड ब्लाक के नारावण्ड क्षेत्र में प्रस्तावित है। बस्तर धाकड़ समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस सम्मेलन का उद्देश्य समाज के लोगों को एकजुट करना और समाज के विकास के लिए काम करना है। समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी और समाज के विकास के लिए रणनीति बनाई जाएगी। ठाकुर ने धाकड़ समाज कल्याण समिति के सदस्यों और स्वजातीय बंधुओं से आग्रह किया है कि वे आपसी मतभेद भुलाकर नवा खानी सम्मेलन जैसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें।

## अंतरराष्ट्रीय सॉफ्टबॉल खिलाड़ी राकेश कड़ती होंगे सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 अगस्त को मेजर ध्यानचंद की स्मृति में मनाएं जाने वाला राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर रायपुर में आयोजित होने वाले खेल अलंकरण समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के द्वारा बीजापुर जिले के सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राकेश कड़ती को शहीद कौशल यादव अवार्ड से नवाजे जाएंगे। वहीं जूनियर सॉफ्टबॉल गर्ल्स टीम को मुख्यमंत्री ट्रॉफी से अलंकृत किया जाएगा।

गर्ल्स टीम में जिले से अकादमी की सॉफ्टबॉल खिलाड़ी रेणुका तेलम, चंद्रकला तेलम, विमला तेलम और मीनू आरकी शामिल है। सबसे खास बात यह है कि अब तक पूरे बस्तर संभाग से खेल के क्षेत्र में कभी भी राज्य स्तरीय अवॉर्ड से किसी भी खिलाड़ी को अलंकृत नहीं किया गया है यह पहली मर्तबा है की खेल के क्षेत्र में बीजापुर जिले से शुरुआत हुई है। अब तक राकेश कड़ती ने 12 नेशनल और दो इंटरनेशनल में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया है, जिसमें उनके नेशनल में 6 मेडल है।

वहीं जूनियर टीम ने नेशनल प्रतियोगिता में सिल्वर पदक हासिल किया था जिसके तहत उन्हें मुख्यमंत्री ट्रॉफी से अलंकृत किया जाएगा बीजापुर जिले के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है इस उपलब्धि हासिल करने पर जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे एवं प्रभारी खेल अधिकारी नारायण प्रसाद गवेल ने हार्दिक बधाइयां देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है उक्त जानकारी जिले के श्रम निरीक्षक एवं सॉफ्टबॉल के अंतरराष्ट्रीय कोच सोपान करनेवार ने दी है।

# केशलुर में आजीविका सेवा केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा




जनपद पंचायत तोकापाल केशलुर में नोडल आईएफसी नारंगी महिला क्लस्टर संगठन के अंतर्गत आजीविका सेवा केंद्र की स्थापना का भव्य उद्घाटन समारोह आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया। यह केंद्र ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथाउन्हें आजीविका के नवीन साधनों से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस परियोजना के अंतर्गत महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण, विपणन सहयोग, वित्तीय साक्षरता तथा उत्पादों के विपणन हेतु आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम में बोलते हुए विधायक गोयल ने कहा यह केंद्र न केवल महिलाओं के लिए आर्थिक स्वतंत्रता का साधन बनेगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में सामाजिक परिवर्तन का भी कारक होगा। यह पहल आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने सफल आयोजन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों, संगठन के सदस्यों एवं सहयोगी संस्थाओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जनपद अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, चंद्रशेखर जोशी, जिला मंत्री बाबुल नाग, चंद्रकांत भंडारी सरपंच, सचिव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूह की महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# एबीईओ ने बच्चों के बीच बैठकर जांची गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानपुरी



आज सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील तिवारी द्वारा अपने सतत निरीक्षण के क्रम में संकुल बोडनपाल 2 के प्राथमिक व माध्यमिक शाला का गहन निरीक्षण किया गया।

प्राथमिक शाला में पदस्थ 2 टीचर में एक अवकाश पर पाए गए, बच्चों की गुणवत्ता की जांच की गई। स्तर आशा के अनुरूप नहीं पाया गया। स्थिति सुधारने उपस्थित शिक्षिका को निर्देशित किया गया। वही डेली डायरी में भी कमियां देखने को पाई गई, टीप द्वारा सुधार करने को कहा गया। भ्रमण के अगले क्रम में आमाबाल संकुल की प्राथमिक शाला चमईपारा में उपस्थित होकर गहन निरीक्षण किया गया। बच्चों की उपस्थिति आशा के अनुरूप न पाए जाने पर उपस्थित टीचर को फटकार लगाते हुए पालक सम्पर्क कर बच्चों को शाला में उपस्थित कराने निर्देशित किया गया। यहां भी एक शिक्षिका अवकाश पर पाई गई, मध्यान्ह भोजन व्यवस्थित पाई गई। शाला परिसर को व्यवस्थित करने निर्देशित भी किया गया। फिर मांडलापाल संकुल के माध्यमिक शाला में पहुंचकर कक्षा 8वीं में बच्चों की क्लास ली गई उनके द्वारा अंग्रेजी विषय से सम्बंधित जानकारी दी गई व सवाल भी पूछे गए। फिर इसी संकुल अंतर्गत दूरस्थ अंचल स्थित शाला प्राथमिक शाला मारीपारा चेराकुर बाइक द्वारा पहुंचमार्ग की दूरी तय कर उपस्थित हुए। यहां बच्चों द्वारा अपने बीच एबीईओ को देखकर काफी खुश नजर आ रहे थे। क्लास 1ली से 5वीं तक के बच्चे काफी एक्टिव नजर आए। पूछे गए सवालों का हाजिर जवाब सुनकर अधिकारी द्वारा पारितोषित भी किया गया।

बच्चों से रूबरू होकर घुल मिलकर अध्यापन भी करवाया गया। एक मित्रता के रूप में बच्चों के बीच समय व्यतीत करने को मिला। फिर वापसी में प्राथमिक शाला किवरामुण्डा का भी अवलोकन किया गया। बच्चों के बीच बैठकर गुणवत्ता की जांच किया गया। अध्यापकों की डेली डायरी का अवलोकन किया गया कुछ कमियां पाई गई जिसे सुधार करने निर्देशित निर्देशित।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर हुए विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशन पर महिला एवं बाल विकास परियोजना भोपालपटनम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता अभियान का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत नगर में स्थित सभी आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं के द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया।

जिसमें बच्चों को विभिन्न प्रकार के खेल गतिविधियों के माध्यम से अक्षर ज्ञान, बच्चों को सृजनात्मक गतिविधि के तहत चित्रकला, मिट्टी से खिलौना बनाना, तोरण लगाना व हाथ छपना की जानकारी दिया गया। प्रत्येक केंद्र से चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें एकल नृत्य, समूह नृत्य, कविता पाठ एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पालकगण, परियोजना भोपालपटनम नगर क्षेत्र के कार्यकर्ता, सेक्टर सुपरवाइजर प्रीति मानिकपुरी, अर्चना वासम, विजय लक्ष्मी शुक्ला, ई कविता, ईमला व धनवती मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अंत में पालक उषा ध्रुव के हाथों से पारितोषिक वितरण किया गया।

## सांस्कृतिक व साहित्यिक उत्सव का आयोजन



**सुकमा।** रजत महोत्सव के अवसर पर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय ईएमआरएस सुकमा में जिला स्तरीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक उत्सव तथा कला उत्सव का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से की गई। मुख्य अतिथि सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार ने किया। विद्यार्थियों ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। जनजातीय लोकनृत्य, वोकल म्यूजिक, वाद्य संगीत, नाटक, चित्रकला, क्विज, स्पेल बी और रचनात्मक लेखन प्रतियोगिताएँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके साथ ही विजुअल आर्ट्स की प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अतिथि जिला सीईओ ठाकुर ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने, कला एवं संस्कृति को महत्व देने, बड़े सपने देखने और निरंतर प्रयासरत रहने की सीख दी। इस भव्य उत्सव में सुकमा, छिंदगढ एवं कोंटा के तीन ईएमआरएस विद्यालयों से कुल 202 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# वुमन फॉर ट्री अभियान का शुभारम्भ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली



राज्य शासन के निर्देश में पूरे राज्य में पौधरोपण का कार्यक्रम किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। जिसके तत्वाधान में राज्य में यह केम्पन वुमन फॉर ट्री अंतर्गत किया जा रहा है। राज्य द्वारा बड़े बचेली नगर पालिका को 600 वृक्ष रोपित करने हेतु लक्ष्य मिला है। नगर पालिका द्वारा इस कार्य हेतु भूमि चिन्हकन किया गया है, जिनमें कृष्ण कुंज एवं ट्रांसपोर्ट नगर है। इन स्थानों पर पौधरोपण हेतु स्व सहायता समूहों को 1 वर्ष हेतु संचालक संधारण कार्य हेतु प्रदाय किया गया है। वुमन फॉर ट्री केम्पन का शुभारंभ नगर अध्यक्ष राजू जायसवाल द्वारा किया गया। आज चयनित स्थानों में 150-150 कुल 300 छायादार व फलदार पौधे रोपित किए गए। यह पौधे वन विभाग द्वारा प्रदाय किया गया। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचन्दनी, पार्षद विलाशीनी नाग, झिलकी, धनसिंग नाग, दीपक सरकार, श्यामलाल सेठिया एवं नगर पालिका कर्मचारी अधिकारी व स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# विधायक ने किया आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा



बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत निर्मित आदिवासी सामुदायिक भवन का लोकार्पण आज बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल द्वारा किया गया।

लगभग 8 लाख रुपए की लागत से तैयार इस नवनिर्मित भवन का उद्देश्य आदिवासी समाज को सामुदायिक कार्यक्रमों, बैठकों एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए एक सुव्यवस्थित स्थल उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि बस्तर अंचल की समृद्ध आदिवासी परंपराओं और सामाजिक एकजुटता को सुदृढ़ करने हेतु शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। सामुदायिक भवन न केवल समाज के लिए सुविधाजनक स्थल साबित होगा, बल्कि यहां युवा पीढ़ी को सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का भी अवसर मिलेगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि एवं माता बहनें उपस्थित रहे। सभी ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह भवन समाज के लिए एक नई पहचान बनेगा और आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ पहुंचाएगा। छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित डीएमएफटी योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत मालगांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी कड़ी में हॉस्पिटल से 350 मीटर लंबे सीसी सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन विधायक लखेश्वर बघेल के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस सड़क निर्माण कार्य के लिए शासन द्वारा 11.95 लाख रुपये की स्वीकृति राशि प्रदाय की गई है सड़क निर्माण से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं अस्पताल तक पहुंचने में ग्रामीणों को होने वाली कठिनाइयों का समाधान भी होगा।

भूमिपूजन अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण अंचलों में बुनियादी सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण उनकी प्राथमिकता है डीएमएफटी निधि का उपयोग क्षेत्र के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा और आधारभूत संरचना को मजबूत करने में किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सड़क के निर्माण से न केवल लोगों का आवागमन सरल होगा बल्कि ग्राम के समग्र विकास में भी यह महत्वपूर्ण साबित होगा।

इस दौरान तुलाराम सेठिया, कार्तिक कश्यप, कमला बाई, झूमुक, जयदेव कश्यप, सरपंच लक्ष्मी गोयल, जनपद सदस्य गजेंद्र ठाकुर, उपसरपंच हेमलता ठाकुर, तुलसीराम ठाकुर लखेश्वर कश्यप, पूर्व सरपंच घरम गोयल, डमरूधर बघेल, जगमोहन बघेल, लल्लू राम बघेल, उदय नाथ ठाकुर कुस्नु गोयल, विमल बघेल, फुलमती कश्यप, डाकेश्वरी कश्यप, जोगेश्वर ठाकुर, गदाधर ठाकुर मोनो राम कश्यप, समाज अध्यक्ष तुलसी राम भद्रे, तुला राम कश्यप, नम्रता कश्यप भोगबती ठाकुर, राजेश कुमार, जितेंद्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर एवं समस्त कार्यकर्त्तागण व ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# राजधानी सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- अपराध रोकने पुलिस हो रही नाकाम

कांग्रेस नेता अनवर खान ने जारी बयान में कहा कि आए दिन हो रही हत्याएं, चाकूबाजी, लूट से प्रदेश में आमजनों के बीच डर का वातावरण है। प्रदेश में बढ़ रहे अपराधिक गतिविधियों व घटनाओं से राजधानी में भय का माहौल है। हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं अब आम हो चुकी है इस पर नियंत्रण करने में सरकार असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है। रोज हो रहे सामूहिक दुष्कर्म की घटनाओं से प्रदेश शर्मसार है और महिलाएं व बच्चियां असुरक्षित है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा भाजपा के चाल व चरित्र को उजागर कर रहा है। सरकारी तंत्र फेलियर साबित हो रही है। प्रदेश में इतनी अराजक माहौल 25 सालों में कभी नहीं था।

### भाजपा कर रही चुनाव आयोग का बचाव

अनवर खान ने कहा कि चुनाव आयोग का बचाव करने भाजपा क्यों सामने आ रही है। वोट चोरी में भाजपा को लाभ हुआ है इसलिये चुनाव आयोग का बचाव कर रहे है। कांग्रेस पूरे देश में स्वच्छ मतदाता सूची बनवाने के लिए कृत संकल्पित है।

## खबर संक्षेप



### पीएमश्री में शारीरिक एवं मानसिक परामर्श संगोष्ठी

**दुर्गुकोंदल।** शारीरिक एवं मानसिक परामर्श से संगोष्ठी का आयोजन पीएमश्री सेजेस दुर्गुकोंदल के प्राचार्य के मार्गदर्शन में किया गया। संगोष्ठी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ चंदन कुमार बैरागी के द्वारा बच्चों के बीच शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, 8 घंटे की पर्याप्त नींद लेने की बात कही गई एवं तथा हमें हानिकारक पदार्थों जैसे जंक फूड, स्ट्रीट फूड एवं पैकेट बंद चिप्स कुरकुरे आदि का सेवन न करने की सलाह दी। अगर हम अपने स्वास्थ्य की देखभाल अच्छी तरह से करेंगे तो हमें किसी भी प्रकार की मानसिक विकृति नहीं होगी तथा हमारी क्षमता का विकास होगा, बुद्धि स्तर बढ़ेगी सोचने समझने की शक्ति बढ़ेगी। कार्यक्रम में सोनिया चौधरी, डिकेश पटेल, पूजा हालदार, आयुषी मेश्राम ,किरण मरकाम एवं समस्त छात्र छात्राएं शिक्षक उपस्थित रहे।

### जिला स्तर पर खेल दिवस 29 को होगा

**कांकेर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तर पर खेल दिवस का आयोजन 29 अगस्त को दोपहर 01 बजे से शासकीय नरहरदेव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल परिसर में किया जाएगा। उक्त आयोजन में जिले के खेल संघ के पदाधिकारीगण, खिलाड़ियों तथा जिला मुख्यालय के सभी स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। खेल दिवस के अवसर पर हॉकी, फुटबॉल एवं बैडमिंटन इत्यादि खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

# हरतालिका तीज आज : 24 घंटे के निर्जला व्रत की तैयारी में सुहागनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

छत्तीसगढ़ में सुहागिन महिलाओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक हरतालिका तीज इस साल आज 26 अगस्त मंगलवार को मनाया जाएगी। यह त्योहार भगवान शिव और माता पार्वती के अटूट प्रेम और पुनर्मिलन का प्रतीक है, जिसकी तैयारियां अब जोरों पर हैं। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं, बल्कि महिलाओं की इच्छाशक्ति और सामुदायिक एकजुटता का अद्भुत उदाहरण है।

तीज छत्तीसगढ़ का एक प्रमुख परम्परागत त्योहार है, जो विशेष रूप से महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। यह पर्व स्त्री-पुरुष के पवित्र प्रेम, विवाहित जीवन में सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना के लिए समर्पित है। हरतालिका तीज का निर्जला व्रत शारीरिक कष्ट से कहीं आगे आत्मिक शुद्धि और मन की दृढ़ता का प्रतीक है। यह स्त्री की अपने संकल्प के प्रति अटूट निष्ठा को दर्शाता है, ठीक वैसे ही जैसे माता पार्वती ने शिव को पाने के लिए तपस्या की थी।

तीज पर हाथों और पैरों में मेहंदी लगाना एक शुभ परंपरा है। महिलाएं नए कपड़े और आभूषण पहनकर अपना श्रृंगार करती हैं। एक दिलचस्प परंपरा इस व्रत से एक दिन पहले करेला खाने की है। इसके पीछे दोनों ही, वैज्ञानिक और आध्यात्मिक, कारण बताए जाते हैं। करेला एक ठंडी तासीर वाली सब्जी है और इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर में पानी की कमी को धीमा करते हैं। इसका सेवन डिहाइड्रेशन से बचाने में मददगार हो सकता है, जो 24 घंटे के निर्जला व्रत में एक बड़ी चुनौती है।

## शिव और शक्ति रूपीमाता पार्वती की करते हैं आराधना



### करेले का सेवन औषधि भी

आध्यात्मिक दृष्टिकोण: मान्यता है कि करेले की कड़वाहट शरीर और मन की कठोर इच्छाओं और नकारात्मकताओं को दूर करने का प्रतीक है। इसकी कड़वाहट खाकर महिलाएं मन की शुद्धता और व्रत के प्रति अपनी समर्पण भावना को दृढ़ करती हैं। हरतालिका तीज का कठिन निर्जला व्रत अगले दिन सूर्योदय के बाद पारण करने का विधान है। 27 अगस्त की सुबह पूजा-अर्चना और पारंपरिक व्यंजनों को भगवान शिव-पार्वती को भोग लगाने के बाद ही व्रत तोड़ा जाता है। मान्यता है कि यह व्रत सुहागिनों को अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद देता है और कुंवारी कन्याओं को मनचाहा वर प्रदान करता है। इस तरह हरतालिका तीज न सिर्फ आस्था का, बल्कि स्वास्थ्य और संकल्प का एक अनूठा संगम है, जो सदियों से नारी शक्ति की अदम्य भावना को प्रदर्शित करता आ रहा है।

## स्पर्धा : हेलमेट पहनने की वक्ताओं ने की वकालत

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर हुई ब्लाक स्तरीय वाद- विवाद प्रतियोगिता में 15 स्कूल के बच्चे पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर



ब्लाक स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य आतिथि जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद, बीईओ सदेसिंह कोमरे की अध्यक्षता एवं अनिल बालेश्वर उपनिरीक्षक थाना भानुप्रतापपुर के विशिष्ट आतिथि में किया गया। प्रतियोगिता का विषय सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा था, जिसमें बच्चों ने काफी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती के पून के पश्चात प्रारंभ किया गया। विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के 15 विदृयालय के बच्चों ने वाद विवाद प्रतियोगिता पर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर पक्ष एवं विपक्ष पर अपनी राय रखी और सभी बच्चों ने अच्छी प्रस्तुति दी। जिला शिक्षा अधिकारी रमेश निषाद ने यातायात सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिस तरह हम लोग स्कूल में अनुशासन का पालन करना जरूरी है। उसी तरह हम यदि यातायात नियमों का पालन करें तो कभी दुर्घटना नहीं होगी। उन्होंने सीट बेल्ट व हेलमेट और नाबालिग बच्चों को गाडी न चलाने की सलाह दी। खण्ड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे ने कहा कि यातायात नियमों पर जागरूकता बहुत जरूरी है अतः सभी अपने अपने आसपास एवं पालकों को भी जागरूक करें। उप निरीक्षक अनिल बालेश्वर ने यातायात नियमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाईक या कार चलाते समय मोबाईल का प्रयोग न करें। सभी हेलमेट अच्छी क्वालिटी का प्रयोग करें और साथ ही 18 साल के कम उम्र के बच्चे गाडी न चलाए के साथ ही गाडी को सीमित स्पीड में चलाए। विकास खण्ड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में बच्चों को पुरूस्कृत भी किया गया। प्रथम स्थान भावेश नाग एवं दल सेजेस हिन्दी माध्यम भानुप्रतापपुर को 2500 रूपए, द्वितीय कुमारी खुशबू साहू एवं शाउमाशा सेलेगांव को 2000 रूपए, तृतीय कुमारी प्रेरणा साहू एवं शाउमाशा बैजनपुरी को 1500 रूपए प्रदान किया गया। इसके आलाव 3 सांत्वना पुरूस्कार कुमारी तान्याश्री मढरिया सेजेस अंग्रेजी माध्यम भानुप्रतापपुर, भारती शाउमाशा कच्चे एवं रोमा शाउमाशा संबलपुर को 1000 रूपए नगद प्रदान किया गया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी आगामी 30 अगस्त को जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए चयनित होंगे। जिला स्तरीय से 6 सितंबर को संभाग स्तरीय एवं 13 सितंबर को राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम को वाद विवाद के प्रभारी टिकेश ठाकुर प्राचार्य शाउमावि मुंगवाल ने संचालित किया एवं स्वागत उद्बोधन साक्षरता प्रभारी अशोक ठाकुर ने दिया। निर्णायक महेंद्र टांडिया और व्याख्याता ममता मिश्रा रही। कार्यक्रम में बीआरसी राधेलाल नुरेटी, एबीईओ मुकेश सोनवानी, प्रधान आरक्षक नरोत्तम लाटिया, संस्था के नोडल शिक्षक पारस उसेण्डी, नुमेश सोनी, भागीरथी नायक, खेमलाल कटेंद्र, मनोज निर्मलकर, आनंद बनकर के साथ सभी संस्था के नोडल एवं छात्र छात्राए उपस्थित रहे।

## 5 दिनी नवीन पाठ्यपुस्तक प्रशिक्षण सह कार्यशाला में बारीकियों को सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



शासकीय हाई स्कूल माकड़ीखूना में कक्षा छठवीं की नवीन पाठ्यपुस्तक मल्हार (हिंदी) एवं गणित (प्रकाश) पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप गतिविधि-आधारित शिक्षण, जीवन कौशल, खेल, योग, यात्रा एवं खोजपरक दृष्टिकोण पर विशेष जोर दिया गया। पुस्तकों में सम्मिलित चित्रों एवं परिवेश से जुड़ी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की समझ विकसित करने पर बल दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य तभी पूर्ण होगा, जब प्रत्येक बच्चा शिक्षा से जुड़कर अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सके। खंड शिक्षा अधिकारी केजू राम सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब शिक्षक इसे अपने विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करेंगे। विकासखंड स्त्रोत समन्वयक देवकरण भास्कर एवं संकुल प्राचार्य राजेश सिंहदेव माकड़ीखूना ने भी प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को संबोधित किया। प्रशिक्षण के दौरान डाइट कांकेर से सहायक प्राध्यापक गिरीश गौतम एवं रामेश्वरी गौतम द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। पाँच दिवसीय प्रशिक्षण की दैनिक गतिविधियों का प्रतिवेदन दोनों विषय समूहों द्वारा प्रस्तुत किया गया।

आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में अशोक कुमार नेताम, प्रदीप टांडिया, प्रशांत कुमार मेश्राम, लक्ष्मीकांत साहू, हेमेंद्र, साहसी, नितेश उपाध्याय,रामनारायण सिन्हा, लखनराम दुग्गे, अशोक कुमार साहू, लीलावती नाग, उदय कुमार मरकाम, यमन सिन्हा, शुभम उपाध्याय, सुषमा सोनी, हिना मेश्राम, नीता लोहले, गंगा नाग, राजेश मंडावी, मोना रजक, सरस्वती साहू, हेमलता जैन, सरोज साहू, मनोहर सिंह मंडावी, बबीता ठाकुर, सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।



## पंडरीपानी विद्यालय में छात्र-शिक्षक मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**चारामा।** शाउमावि पंडरीपानी विद्यालय के भूतपुर्व छात्रों के प्रयास एवं सहयोग से रविवार 24 अगस्त को छात्र एवं शिक्षक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वर्ष 2004 से लेकर वर्तमान वर्ष तक के सभी छात्र छात्राए एवं पुर्व से लेकर अभी तक सस्था में पदस्थ शिक्षक शिक्षिकाओं को आमंत्रित किया गया और साथ ही जब से विद्यालय की शुरूआत ग्राम में हुई, तब के भी कुछ छात्र कार्यक्रम में उपस्थित हुए। मिलन समारोह के आयोजन में वर्षो बाद सभी एक दुसरे से मिलकर गदगद हो गए एवं पुराने पढाई के दिन याद कर सभी आँखे खुशी से भर आई। अपने शिक्षको को अपने बीच पाकर सभी बेहद खुश नजर आए। कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वती की पुजा अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुनील महावीर, सदस्य पुसउराम चन्द्रवशी भुतपुर्व सरंपच, संस्था के प्राचार्य एनके ध्रुव उपस्थित रहे। शिक्षको ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को सम्बोधित किया एवं अपने जीवन के अनुभवनों को बच्चों के बीच सांझा किया। जिन बच्चों को छोटी उम्र में अपने आँखो के सामने खेलते देखा, आज उन्हे बड़े रूप में देखकर शिक्षक भी भावुक और खुश नजर आए। सम्बोधन में सभी छात्र छात्राओं ने भी अपने स्कूली जीवन एव वर्तमान के अनुभवो को सांझा किया, जिससे नई पीढी को प्रेरणा मिल सके, जिसके बाद स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त प्राचार्य चंदेकर, एससी नाग, दशरथ राम मरकाम, सेवानिवृत्त शिक्षक कोडोपी, पाल, सोनवंशी, शिक्षक सुनील ठाकुर, नरेन्द्र साहु, सोनवानी, रावटे, गिरवर सिन्हा, नाग, प्रमोद यादव, दानेश्वरी ठाकुर, बालमुकुंद मंडावी, इंदुबाला उईके, हृदय ठाकुर, भुनेश्वर मंडावी, ललिता बोरकर, हेमलता चद्रवंशी, रीना सिंह, पायल साहु, वीणा ध्रुव, खिलेश्वरी ठाकुर, गजेन्द्र साहु, दीपिका मंडावी योगेन्द्र चनापे, मिथलेशकर शर्मा, हेमन्त विश्वकर्मा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएँ उपस्थित हुए। वही इस आयोजन को सफल बनाने में शिक्षक महेश्वर साहु का विशेष योगदान सहित छात्र छगन सिन्हा, महेन्द्र नागराज, धमेकु कुमार जैन, आकाश नागराज, पंकज बजरंग, राहुल नागराज, जागेन्द्र चंद्रयशी, खोरबहारा धनेलिया, गुलशन कुमार सिन्हा, चन्द्रकला कोसरिया, पुजा नागराज, जितेन्द्र सिन्हा, उमाशंकर सिन्हा, जयकिशन नागराज सहित छात्र, छात्राओं एवं ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### सुरक्षा पर की गई ब्लाक स्तरीय वाद विवाद स्पर्धा



**कांकेर।** विकासखंड कांकेर के अंर्तगत विकासखंडस्तरीय सड़क सुरक्षा, जीवन सुरक्षा को लेकर वाद विवाद प्रतियोगित आयोजित की गई, जिसमें 13 स्कूल से 130 बच्चे अपने प्रभारी शिक्षक के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुए। खण्ड शिक्षा अधिकारी केजूराम सिन्हा, एबीईओ दीपक ठाकुर, देव करण भास्कर, जिला नोडल एपीसी पुष्पांजलि ठाकुर भी शामिल हुए। यातायात प्रभारी दीपक साव ने उपस्थित सभी को यातायात के नियमों से अवगत कराया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक गण प्राचार्य हायर सेकंडरी मूरडोंगरी हरीश साहू, प्राचार्य हाई स्कूल माकड़ी राजेश सिंह देव, प्राचार्य हाई स्कूल इरादाह गुरुवर रहे। पंजीयन प्रभारी व्याख्याता हाई स्कूल कोकानपुर चंद्र शेखर महलवार व संकुल समन्वयक रोमन जैन रहे।

## अंग्रेजी शराब की खुलेआम बिक्री को लेकर पुलिस को सौंपा ज्ञापन



**कोयलीबेड़ा।** विकासखंड मुख्यालय कोयलीबेड़ा में अंग्रेजी शराब की खुलेआम बिक्री को लेकर सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई कोयलीबेड़ा ने विगत दिवस सामाजिक बैठक कर बेधड़क खुले आम अवैध अंग्रेजी शराब की बिक्री को लेकर समाज ने मोर्चा खोल दिया है। आयोजित बैठक के बाद समाज के सभी लोगों ने थाने पहुंचकर पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया। समाज के द्वारा ज्ञापन में बताया गया की खुलेआम अवैध शराब की बिक्री के चलते बड़ी संख्या में युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। शराब खोरी से युवाओं का भविष्य अंधकार में हो गया है। घरेलू हिंसा सड़क हादसे जैसी घटनाएं बढ़ रही है, जिससे क्षेत्र की जनता में खुलेआम अवेध शराब बिक्री को लेकर भारी आक्रोश में है। समाज ने मांग की है कि इस अवैध बिक्री पर शीघ्र कार्रवाई करें नहीं तो समाज को आंदोलन करने मजबूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज के प्रमुख सहदेव उसेडी, विश्वनाथ दर्रो, मोहनलाल हुपेंडी, मनेष दरो, दिनेश अचला, लखेश्वर ध्रुव, चंद्राराम नेगी सहित समाज के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# 5 साल से सोई कांग्रेस की कुंभकर्णी नींद अभी टूटी है : जिला मंत्री यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरर



पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री शंकर लाल यादव ने कहा की कांग्रेस का धरना प्रदर्शन सिर्फ एक दिखावा है। विगत 5 वर्षों से सोई हुई कांग्रेस अभी कुंभकर्णी नींद से जागी है। इन्हें क्षेत्र की समस्या पहले दिखाई नहीं दी इनका गजब का दोहरा चरित्र है। जब राज्य में भूपेश बघेल की सरकार में किसानों को मिट्टी को खाद बताकर गोबर घोटाला उनकी सरकार ने किया तब यह सोए थे। आज यह किसान के हितेषी बन बैठे हैं। इनका दोहरा चरित्र ऐसा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में कई घोटाले हुए जैसे कोयला घोटाला, पीएससी घोटाला, महादेव ऑनलाइन सट्टा घोटाला, गोठान घोटाला, शराब घोटाला जिसमें इनके सरकार के आबकारी मंत्री आज जेल में हैं। पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री ने कहा कि बीते 5 वर्षों में इन्हें कोरर क्षेत्र में एमबीबीएस डॉ की सुध नहीं आई। जबकि क्षेत्र में एक महिला एमबीबीएस डॉ रवीना कवाडे ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है, चुकी फिर भी यह अनर्गल बात करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसे अनेक घोटाले इनकी सरकार में हुए आज यह अपने आप को जनता का हितैषी बताने में लगे हुए हैं। इनके द्वारा किया गया धरना प्रदर्शन सिर्फ ढोंग है उनके गुर्गे अवैध गतिविधियों में संलिप्त हैं। उस पर इनका मुंह नहीं खुलता एवं इनकी सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कोरर में कॉलेज खोलने कि घोषणा किया था और साथ ही कोरर को तहसील बनाने की भी घोषणा की थी, जो सिर्फ सफेद हाथी साबित हुआ। यहां के गरीब जनता के 16 लाख आवास को बनने नहीं दिया। जब वर्तमान की विष्णु देव साय सरकार जनता के हित में काम कर रही है तो इनके पेट में दर्द हो रहा है। क्षेत्र की जनता सब जानती है वह भली-भांति इनके दोहरे चरित्र से वाकिफ है। इनका नेता वोट चोरी की बात करता है जहां इनकी सीट जीत कर आती है वहां वोट चोरी नहीं होता और जहां यह हार जाते हैं वहां चुनाव आयोग पर दोस प्रत्यारोपण करते हैं। जो कि उनकी निर्लजता को और दुस्साहस को प्रदर्शित करता है। इनकी कथनी और करनी में बड़ा ही अंतर है। मुझे वह कहावत चरितार्थ होता प्रतीत होता है की हाथी के दांत दिखाने के कुछ और खाने के कुछ और होते हैं। मैं इसे कहना चाहता हूं की उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाला किस्सा बंद करो देश की जनता इन्हें सिरे से जान चुकी है।

## प्रकाशमणि दादी की पुण्यतिथि मनाई गई



**कांकेर।** ब्रह्माकुमारीज की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि की पुण्यतिथि मनाई गई। 25 अगस्त को पंडरीपानी कांकेर में दादी की 18वीं पुण्य तिथि पर संस्था के सदस्यों ने पुष्प के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित किया। ब्रह्माकुमारीज की संचालिका बीके रामा दीदी ने उनकी विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा दादी की गुण, विशेषताओं व शिक्षाओं को अपने आचरण में लाना यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। दादी प्रकाशमणि बाल्यकाल से संस्था के संपर्क में आई और आगे चल मनवता कि सेवा अर्थ अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। संस्था के संस्थापक ब्रह्माबाबा के अव्यक्त होने के पश्चात 1969 से 2007 तक द्वितीय मुख्य प्रशासिका के रूप में विश्व के 140 देशों में फैले संस्था की शाखाओं का कुशलता पूर्वक प्रतिनिधित्व किया और 25 अगस्त 2007 में आपने अपना पार्थिव शरीर का त्याग किया।

## प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए तृतीय प्रतीक्षा सूची की काउंसिलिंग 29-30 को

**कांकेर।** नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय जिला राजनांदगांव एवं बलरामपुर में शिक्षण सत्र-2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों की वर्गवार मेरिट एवं प्रतीक्षा सूची आदिवासी विकास विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की गई है। सहायक आयुक्त से प्राप्त जानकारी अनुसार तृतीय प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी प्रयास बालक आवासीय विद्यालय सड्डू उरकुरा मार्ग व्हीआईपी सीटी कॉलोनी के सामने रायपुर में काउसिंलिंग किया जाएगा, इसके लिए काउसिंलिंग तिथि 29 एवं 30 अगस्त को प्रातः 10 बजे से सायं 05 तक उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह पीव्हीटीजी और अनुसूचित जाति वर्ग की बालक एवं बालिकाएं का काउंसिलिंग 29 अगस्त को तथा अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की बालक-बालिकाओं की काउंसिलिग 30 अगस्त को किया जाएगा। काउंसिलिंग के दौरान विद्यार्थियों को सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर आना अनिवार्य है। विद्यार्थी का प्रवेश पत्र, सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास एवं स्थायी जाति प्रमाण पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8वीं प्रथम श्रेणी मे उत्तीर्ण प्रमाण पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो इस आशय का संबंधित क्षेत्र के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण या शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र, विद्यार्थी का मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकल से जांच प्रमाण पत्र के साथ 02 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो लाना होगा। मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक, पालक को काउंसिलिंग स्थल में प्रवेश की पात्रता होगी। निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित नहीं होने की स्थिति में रिक्त सीट के आधार पर संस्था आबंटित की जाएगी।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रूकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

